सत्यमेव जयते

**असंशोधित**

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

## 09 जुलाई, 2019

श्री कुमार सर्वजीत : महोदय, इसी से जुड़ा प्रश्न है ।

अध्यक्ष : जुड़ा हुआ तो कहां से देंगे ? वे तो एक विद्यालय का बता रहे हैं, जुड़ा हुआ का जवाब थोड़े देंगे वे ।

श्री कुमार सर्वजीत : एक मिनट ।

अध्यक्ष : बोलिये, इतना देर में तो आप बोल चुके होते ।

श्री कुमार सर्वजीत : महोदय, बिहार में.....

अध्यक्ष : उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में हम बना देंगे, यह क्यों नहीं सुन रहे हैं । उससे आगे बढ़िये न ।

श्री कुमार सर्वजीत : महोदय, इन्होंने कहा कि.....

तारांकित प्रश्न सं0-518(श्री राज कुमार राय)

श्री कृष्ण नन्दन प्रसाद वर्मा, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । विभागीय पत्रांक-1241, दिनांक-06.07.2019 द्वारा प्रश्नाधीन विद्यालय के आवश्यक अतिरिक्त वर्ग कक्ष के निर्माण हेतु स्थलीय निरीक्षण कर प्राक्कलन भेजने का निदेश बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लि0 को किया गया है । प्राक्कलन प्राप्त होने के उपरांत उपलब्ध संसाधन को ध्यान में रखकर प्राथमिकता के आधार पर प्रश्नगत विद्यालय में आवश्यक अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण करा दिया जायेगा ।

तारांकित प्रश्न सं0-519(श्री विनय बिहारी)

श्री प्रमोद कुमार,मंत्री : अध्यक्ष महोदय, उत्तर स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि भारत रत्न बिसमिल्लाह खां के नाम पर मुजप्फरपुर में संगीत विश्वविद्यालय खोलने हेतु कम से कम 5 एकड़ भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव भेजने का अनुरोध जिला पदाधिकारी, मुजप्फरपुर से किया गया । जिसके आलोक में जिला पदाधिकारी, मुजप्फरपुर के पत्रांक-3825, दिनांक-27.09.18 द्वारा इस हेतु मात्र 2.80 एकड़ भूमि कुढ़नी अंचल अन्तर्गत उपलब्ध होने की सूचना के साथ प्रस्ताव पर सहमति की अपेक्षा विभाग से की गयी । महोदय, मुजप्फरपुर में वांछित 5 एकड़ भूमि की उपलब्धता नहीं होने की स्थिति में बिस्मिल्लाह खां संगीत विश्वविद्यालय किसी अन्य जिला में भूमि की उपलब्धता के आधार पर करने की कार्रवाई भी की जा सकती है ।

श्री विनय बिहारी : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहूंगा कि मगही, मैथिली, अंगिका, बज्जिका एवं भोजपुरी पांच भाषाओं में हमारे यहां गीत बनते हैं और गायक गाते हैं और अगर किसी कारण से मुजप्फरपुर में जमीन उपलब्ध नहीं है तो मेरी जानकारी जहां तक है कि मोतिहारी में पर्याप्त जमीन है और माननीय मंत्री जी का वह क्षेत्र है- बनना चाहिए । रौशनी कहीं से निकले दीया जलना चाहिए, हमें तो